नव भारत



छटवां दिन मां कात्यायनी

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। मां कात्यायनी की उपासना से जीवन में कई तरह के बदलाव होते हैं। वैवाहिक जीवन दुरुस्त होता है। गृहस्थ जीवन में शांति आती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप अत्यंत दिव्य है। इनका रंग सोने के समान चमकीला है तो इनकी चार भुजाओं में से ऊपरी बाएं हाथ में तलवार और निचले बाएं हाथ में कमल का फूल है। जबकि इनका ऊपर वाला दायां हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे का दायां हाथ वरदमुद्रा में है। प्रातः स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर के पूजा स्थल या मंदिर में चौकी पर मां कात्यायनी की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें। मां कात्यायनी को फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

**प्रिय भोग:** माता दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी को शहद अति प्रिय है। शहद के भोग से आकर्षण शक्ति की प्राप्ति होती है। इसके अलावा मां कात्यायनी को हरा रंग प्रिय है, इसलिए पूजा में हरे रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

**देवी कात्यायनी का मंत्र**

देवी कात्यायन्यै नमः॥
सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

# महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

## 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10 हजार की पहली किस्त

**नई दिल्ली, 26 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये की पहली किस्त सीधे हस्तांतरित की गई। चुनाव से पहले महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है।**

वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को और नीतीश कुमार को भाई बताया। उन्होंने महिलाओं से वादा किया कि दोनों भाई



मिलकर उनके लिए लगातार काम करते रहेंगे।

पीएम मोदी ने कुछ लाभार्थी महिलाओं से बातचीत भी की. पूर्णिया की पुतुल देवी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाद में सरकार की योजनाओं की प्रशंसा की. इस दौरान, पुतुल देवी ने बताया, पहले मैं लड्डू-बतासे की दुकान करती थी. सरकार की योजना के तहत मिलने वाली राशि से मैं अब जलेबी और अन्य तरह की मिठाई बनाऊंगी. जीविका बैंक से कम दर ब्याज पर लोन लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करूंगी. पुतुल देवी की बात समाप्त होने के बाद पीएम मोदी ने उनकी कठिनाइयों और सामाजिक चुनौतियों के बारे में बात की. इसी बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पुतुल देवी ने जलेबी की बात की। मालूम है न कि हमारे देश में बीच में जलेबी पर बहुत राजनीति चलती थी। बाद में पीएम मोदी की इस बात पर ठहाके लगने लगे।

### प्रधानमंत्री ने की देवी स्कंदमाता की पूजा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्र के पांचवें दिन देवी दुर्गा के पांचवें स्वरूप देवी स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भक्ति संदेश और एक वीडियो साझा किया, जिसमें सभी भक्तों के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने पोस्ट में कहा, नवरात्र के पांचवें दिन, हम मां स्कंदमाता की विशेष पूजा करते हैं। मैं उनके चरणों में नमन करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि वे सभी भक्तों को सुख, समृद्धि और सौभाग्य प्रदान करें।

# नाटो महासचिव का दावा आधारहीन

- विदेश मंत्रालय ने दिए तमाम सवालों के जवाब
- तुर्किए, नेपाल से लेकर बांग्लादेश को दिखाया आईना

**नई दिल्ली, 26 सितंबर. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में कई अहम मुद्दों पर स्पष्ट और सख्त बयान दिए। भारत ने पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो के महासचिव मार्क रूटे के उस बयान को सख्ती से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के चलते भारत ने रूस से यूक्रेन युद्ध की रणनीति स्पष्ट करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इस दावे को तथ्यहीन और पूरी तरह से आधारहीन**



**बताया।**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि नाटो महासचिव मार्क रूटे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच कथित बातचीत का जो दावा किया गया है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत और आधारहीन है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी इस तरह की बातचीत नहीं की। ऐसी कोई वार्ता हुई ही नहीं। मंत्रालय ने नाटो प्रमुख को भविष्य में ऐसे बयानों से पहले सावधानी बरतने की सलाह भी दी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में 27 भारतीय नागरिक रूसी सेना में सेवा कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने बार-बार अपने नागरिकों को आगाह किया है कि वे ऐसे प्रस्तावों से दूर रहें, क्योंकि यह जानलेवा और खतरनाक हो सकते हैं।

जायसवाल ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत द्वारा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की मेजबानी को लेकर सवाल उठाए थे। जायसवाल ने कहा कि शेख हसीना को लेकर भारत की स्थिति स्पष्ट है और इस पर किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं है। वहीं, नेपाल और अन्य पड़ोसियों के संदर्भ में भी भारत ने लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण रिश्तों की अपनी अपेक्षा दोहराई।

# घर में घुसकर मासूम की हत्या

- ग्राम आली में दिल दहला देने वाली घटना
- क्रोधित भीड़ ने आरोपी को मार डाला

**कुक्षी, 26 सितंबर। ग्राम आली में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। ग्राम आली के धूल बायड़ी में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर 5 वर्षीय मासूम विकास की धारदार हथियार फालिया से हमला कर सिर धड़ से अलग कर दिया। क्रोधित भीड़ ने आरोपी को मार डाला।**

यह घटना बच्चे की माँ के



सामने हुई, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। आरोपी की पहचान महेश मायड़ा के रूप में हुई है। सुबह लगभग 10.30 बजे बच्चा अपने माता-पिता के साथ घर पर खेल रहा था। तभी आरोपी बाइक से पहुंचा और अचानक बच्चे पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई बच्चे की माँ पर भी उसने वार किया। इसके बाद भागने लगा, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी।

# दवाओं पर 100 प्रतिशत लगेगा टैरिफ

- डोनाल्ड ट्रंप ने फोड़ा एक और टैरिफ का बम
- संयंत्र लगाने वाली कंपनी को इससे छूट मिलेगी

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली, 26 सितंबर (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने आयात शुल्क अभियान को और आगे बढ़ाते हुए ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है.**

ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा, हम 1



अक्टूबर 2025 से किसी भी ब्रांडेड या पेटेंटेड दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएंगे. हालांकि अमेरिका में विनिर्माण संयंत्र लगाने वाली कंपनी को इससे छूट मिलेगी.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि संयंत्र निर्माण का अर्थ होगा, शिलान्यास और/या निर्माणाधीन. उन्होंने लिखा है कि अगर संयंत्र का निर्माण शुरू हो गया है, तो इन दवा उत्पादों पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा.

### भारत को नहीं पड़ेगा फर्क

ट्रंप की ओर से फार्मा उत्पादों के आयात पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात पर कुछ खास असर नहीं होगा. यह जानकारी एक्सपर्ट्स की ओर से शुक्रवार को दी गई. एक्सपर्ट्स ने बताया कि अमेरिका द्वारा फार्मा उत्पादों के आयात के लिए लगाया गया 100 प्रतिशत टैरिफ केवल ब्रांडेड और पेटेंट की हुई दवाओं के लिए है.

# एक्टिविस्ट वांगचुक गिरफ्तार

**श्रीनगर। लेह हिंसा के बाद शुक्रवार को लद्दाख पुलिस ने एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने उन्हें हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्हें डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व वाली लद्दाख पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।**

बुधवार को लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर आंदोलन के समर्थकों द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्रालय ने लेह एपेक्स



बॉडी (एलएबी) के वरिष्ठ सदस्य वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था। एलएबी पिछले पांच वर्षों से कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ मिलकर मांगों के समर्थन में आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। हालांकि, मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल का नेतृत्व कर रहे वांगचुक ने आरोपों से इनकार किया।

MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 50 000 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.